सिक्किम विश्वविद्यालय
स्थापित: 2007




Volume: VII
Issue: III
May 2019

# सिक्किम विश्वविद्यालय क्रॉनिकल

## संपादकीय

प्रिय पाठकों,
मई का महीना काफी महत्वपूर्ण रहा है- पहली बार विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जा रहा है। सिक्किम के माननीय राज्यपाल इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे और चिंतन भवन में आयोजित कार्यक्रम में तीन प्रतिष्ठित वक्ताओं ने प्राचीन गणित, अंतरिक्ष अनुसंधान और जैव रसायन जैसे विषयों पर व्याख्यान दिया। विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्रों के बीच प्रश्नोत्तरी और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। हम ऐसे और अधिक आयोजनों की प्रतीक्षा करते हैं जहाँ हमें अपने ज्ञान प्रसार को बढ़ाने और सभी के साथ साझा करने का अवसर प्राप्त होता है।
पढ़ने का आनंद लें !!!

कुंजिनी प्रकाश दर्नाल

**इस अंक में :**

संपादकीय
नॉर्थ सिक्किम में क्षेत्र
आईसीसी द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम
तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ
राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस
भारत के राष्ट्रपति के साथ कुलपति की बैठक
•

## नॉर्थ सिक्किम में क्षेत्र अध्ययन

पर्यटन विभाग के द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों ने दिनांक 4 मई से ६ मई 2019 तक नॉर्थ सिक्किम में एक क्षेत्र अध्ययन किया। पर्यटन विभाग के प्रमुख अध्यक्ष डॉ. जिग्मी वांगचुक भूटिया ने कहा कि इस दौरा का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय की जीवनशैली पर पर्यटन के प्रभाव और बड़े पैमाने पर पर्यटन द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने के लिए हितधारकों द्वारा अपनाई गई रणनीतियों का अध्ययन करना है। अध्ययन में तैंतीस छात्रों ने भाग लिया और उनके साथ दो एस्कॉर्ट्स थे।








## जागरूकता कार्यक्रम

जागरूकता कार्यक्रम के एक भाग के रूप में आईसीसी ने दिनांक ३ मई २०१९ को एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया था। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय था "आधुनिक परिवार अभी भी महिलाओं को पीछे रखते हैं"। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में प्रो. शांति एस. शर्मा, वनस्पति विज्ञान विभाग, डॉ. संध्या थापा, समाजशास्त्र विभाग और डॉ. रोज़ी चामलिंग, अंग्रेज़ी विभाग उपस्थित थे। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के छात्रों ने भाग लिया। जनसंचार विभाग की सुश्री सोनम सुल्ताना शाह पहले स्थान पर रहीं, जबकि विधि विभाग के श्री महेश राय दूसरे स्थान पर रहे और चीनी विभाग की श्री देवार्चना चक्रधर को तीसरा पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में द्वितीय भाग में सुश्री सराह रिजवी द्वारा “भारत में महिलाओं की चुनौतियाँ : पुलिस के दृष्टिकोण से” पर व्याख्यान प्रदान किया । सुश्री रिजवी ने महिला पुलिस अधिकारी के रूप में उनके द्वारा सामना किए गए व्यवहारिक अनुभवों को सांझा किया। उन्होने छात्रों के साथ बातचीत की और सिविल सेवा की परीक्षाओं के बारे में बताया। इस विशेष व्याख्यान की अध्यक्षता कुलपति प्रो. अविनाश खरे ने की। कार्यक्रम सभी छात्रों और संकाय सदस्यों की पूर्ण प्रतिभागिता के साथ सफल रहा।











**तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ-** विश्व तंबाकू निषेध दिवस प्रति वर्ष दिनांक ३१ मई को मनाया जाता है। तंबाकू निषेध दिवस २०१९ के आयोजन “तंबाकू और फेफड़ों का स्वास्थ्य” विषय पर केन्द्रित था। इस अवसर पर कर्मचारियों और छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर को तंबाकू मुक्त रखने के लिए लिए शपथ खाई है। माननीय कुलपति प्रो. अविनाश खरे ने








# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

सिक्किम विश्वविद्यालय ने दिनांक ११ मई २०१९ को चिंतन भवन गंगटोक में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिक्किम के माननीय राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद थे। माननीय राज्यपाल ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय की पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि विश्वविद्यालय की इस तरह की पहल से युवा पीढ़ी में वैज्ञानिक स्वभाव विकसित होगा और विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में छात्रों को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने सिक्किम के लोगों के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी की संस्कृति को विकसित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

इस अवसर पर तीन व्याख्यान सत्र आयोजित किए गए, प्राचीन भारतीय गणित और शून्य के महत्व पर प्रो. पार्थसारथी मुखोपाध्याय द्वारा दिए गए थे, प्रो. आर. आर नवलगुंड जिन्होंने अंतरिक्ष अनुसंधान पर बात की थी और प्रो राकेश टुली ने जैव रसायन और आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों और टिशूज और ऑर्गनों के पुनर्निर्माण पर व्याख्यान प्रदान किया था। तीन प्रख्यात वक्ताओं ने प्रगति की अंतर्दृष्टि दी कि विज्ञान ने गणित, अंतरिक्ष अनुसंधान और कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की है।

गंगटोक के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसे एक दिन बाद आयोजित किया गया था। विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्रों ने एक वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया। जिस दिन छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की उन्नति को दर्शाते हुए पोस्टर तैयार किए थे, उस दिन एक पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी।












*contd. from pg. 3*























## माननीय कुलपति ने भारत के राष्ट्रपति से मुलाक़ात

विश्वविद्यालय का चौथा दीक्षांत समारोह जुलाई / अगस्त २०१९ के महीने में आयोजित किया जाना है। १६ मई २०१९ को कुलपति प्रो. अविनाश खरे ने राष्ट्रपति भवन में भारत के माननीय राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद से मुलाकात की।

श्री राम नाथ कोविंद विश्वविद्यालय के विजिटर भी हैं। प्रो. अविनाश खरे ने दीक्षांत समारोह के लिए राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद को आमंत्रित करना चाहते थे।

